aglasem.com

FOR UPSC SO STENO GRADE B LDCE EXAM PREPARATION

UPSC SO Steno Grade B LDCE 2023 Question Paper · Procedure Practice Category I VIII XI Paper II

EXAM
UPSC SO Steno Grade B LDCE

YEAR
2023

TYPE
Question Paper

SUBJECT
Procedure Practice Category I VIII XI Paper II

Com. S.O. (Gr. 'B') LDCE, 2023

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी. बी. सी. : SAAI-B-PXU

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या 1001709

परीक्षण पुस्तिका

प्रश्न-पत्र II

(कार्यविधि और पद्धति, कोटि I, VIII एवं XI)

A

समय : दो घण्टे *पूर्णांक : 150*

अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 1 of 72

1. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. किसी संसद प्रश्न के उत्तर में अन्य सभा के चालू सत्र के दौरान दिए गए किसी प्रश्न के उत्तर की ओर निर्देश किया जा सकता है
2. जब भी कोई मंत्री किसी प्रश्न का उत्तर देते समय मुद्रित पाठ से विचलन करता है, तो संबंधित विभाग इस तथ्य की सूचना तत्काल लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय के साथ-साथ संबंधित सूचना अधिकारी को देगा
3. यदि किसी प्रश्न के मुद्रित उत्तर में अशुद्धता पाई जाती है, तो संबंधित मंत्री द्वारा उत्तर देने के एक पखवाड़े के भीतर इस संबंध में वक्तव्य देने के अपने अभिप्राय को संप्रेषित करने वाली सूचना दी जा सकती है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 1 और 3

2. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. कार्यालय प्रमुख द्वारा उसकी ओर से आकस्मिक और विविध व्यय करने के लिए किसी अधीनस्थ अराजपत्रित अधिकारी को प्राधिकृत किया जा सकता है
2. सभी वित्तीय संस्वीकृतियों में उस बजट शीर्ष का ब्यौरा देने की आवश्यकता नहीं है जिससे व्यय की पूर्ति की जानी है
3. सामान्य नियम के रूप में, किसी नए प्रभार के लिए संस्वीकृति व्यपगत हो जाएगी, यदि संस्वीकृति जारी करने की तारीख से 12 महीनों की अवधि के दौरान पूर्णत: या अंशत: भुगतान नहीं किया जाता है
4. सामान की खरीद के लिए संस्वीकृति व्यपगत नहीं होगी, यदि उस संस्वीकृति को जारी करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर निविदाएँ स्वीकार कर ली गई हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 4
(b) केवल 3 और 4
(c) 2, 3 और 4
(d) केवल 1 और 2

3. यदि किसी अर्ध-शासकीय पत्र के साथ अनुलग्नक के रूप में 100 पृष्ठ की रिपोर्ट प्राप्त की जाती है, तो कागज़ों को फाइल में लगाने से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) अर्ध-शासकीय पत्र को पत्राचार भाग में फाइल किया जाता है

(b) रिपोर्ट को पत्राचार भाग के परिशिष्ट में रखा जाता है

(c) अर्ध-शासकीय पत्र में यह संकेत किया जाता है कि रिपोर्ट को पत्राचार भाग के परिशिष्ट में रखा गया है

(d) टिप्पणियों के परिशिष्ट या पत्राचार के परिशिष्ट को मुख्य फाइल में क्रमश: संबंधित टिप्पणी भाग या पत्राचार भाग में रखा जा सकता है

4. विभाग के मूल कार्य की मदों के साथ-साथ विभाग से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा किए जाने वाले कार्य की मदों से संबंधित अभिलेखों के मामले में, निम्नलिखित में से कौन-सी अभिलेख प्रतिधारण अनुसूची लागू होती है ?

(a) सामान्य वित्तीय नियमावली, 2017 का परिशिष्ट 9

(b) इस विषय पर प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा जारी अभिलेख प्रतिधारण अनुसूची

(c) कार्यालय पद्धति नियम-पुस्तक का संगत परिशिष्ट

(d) विभाग द्वारा प्रारूपित और भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा पुनरीक्षित प्रतिधारण अनुसूची का मसौदा

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 2 of 72

1. Which of the following statements is/are correct ?

1. An answer to a Parliament Question may refer to the answer to a question in the other House during a current session
2. Whenever a Minister while replying to a Question deviates from the printed version, the Department concerned will immediately communicate the fact to the Lok Sabha/Rajya Sabha Secretariat as well as to the Information Officer concerned
3. In case the printed answer to a Question is found to contain inaccuracy, a notice conveying his/her intention to make a statement in this regard can be given by the Minister concerned within a fortnight of the reply

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1 and 3 only

2. Which of the following statements are correct ?

1. A subordinate non-Gazetted Officer can be authorized by a Head of Office to incur contingent and miscellaneous expenditure on his/her behalf
2. All financial sanctions need not indicate the details of budget head from which the expenditure is to be met
3. As a general rule, sanction for any fresh charge shall lapse if no payment in whole or part has been made during a period of 12 months from the date of issue
4. A sanction for the purchase of stores shall not lapse, if tenders have been accepted within the period of one year of the date of issue of that sanction

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4 only
(b) 3 and 4 only
(c) 2, 3 and 4
(d) 1 and 2 only

3. In the case of receipt of a 100 page report as an enclosure to a demi-official letter, which one of the following statements related to filing of papers is ***not*** correct ?

(a) The demi-official letter is filed in the correspondence portion

(b) Report is to be kept in Appendix to correspondence portion

(c) An indication is given in the demi-official letter that the report is kept in Appendix to the correspondence portion

(d) Appendix to notes and Appendix to correspondence may be kept along with the respective note portion or the correspondence portion respectively in the main file

4. Which one of the following Record Retention Schedules is applicable in the case of the records pertaining to the substantive items of work of a Department including the items of work handled by the Attached and Subordinate offices under the Department ?

(a) Appendix 9 of the General Financial Rules, 2017

(b) Record retention schedule on the subject issued by the Department of Administrative Reforms and Public Grievances

(c) Relevant Appendix of the Manual of Office Procedure

(d) Retention schedule drafted by the Department and vetted by the National Archives of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 3 of 72

5. ई-फाइल के मामले में, किसी विभाग में निर्धारित व्यक्ति को क्या कहते हैं जो समस्त संदर्भ डेटा, मामलों का अंतरण, रिपोर्ट अनुमति, खोज (सर्च) विशेषाधिकार आदि का प्रबंध करने का विशेषाधिकार रखता है ?

(a) ई-ऑफिस प्रशासक

(b) ई-फाइल प्रशासक

(c) प्रणाली (सिस्टम) प्रशासक

(d) मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी

6. प्रधान स्टाफ अधिकारी का निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तरदायित्व ***नहीं*** है ?

(a) कार्य डायरी रखना

(b) वैयक्तिक अनुभाग का प्रबंध करना, नेतृत्व प्रदान करना

(c) श्रुतलेख (डिक्टेशन) लेना/प्रतिलेखन (ट्रांसक्राइब) करना, टेलीफोन कॉल संबंधी कार्य करना

(d) मंत्रालय/विभाग के प्रमुख कार्य-निष्पादन क्षेत्रों, भविष्यदृष्टि (विज़न), ध्येय (मिशन) के बारे में स्वयं को अवगत रखना

7. किसी फाइल में कागज़ों को लगाने के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. टिप्पणी और पत्राचार का परिशिष्ट
2. संदर्भित अन्य कागज़ात, यदि कोई हैं, नवीनतम को सबसे ऊपर रखा जाता है
3. स्थायी गार्ड फाइल, पूर्व-उदाहरण पुस्तिका या संदर्भ फोल्डर, यदि कोई है
4. कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित अभिलेखबद्ध फाइल, यदि कोई है, नवीनतम को सबसे ऊपर रखा जाता है

निम्नलिखित में से कौन-सा, फाइल में ऊपर से नीचे की ओर कागज़ों को लगाने के सही क्रम को दर्शाता है ?

(a) 1, 2, 3, 4

(b) 1, 3, 2, 4

(c) 1, 4, 3, 2

(d) 1, 4, 2, 3

8. केंद्रीय मंत्रालय/विभाग के सचिव के व्यापक प्रकार्यों और उत्तरदायित्वों से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. वह मंत्रालय/विभाग का प्रशासनिक प्रधान होता है/होती है
2. वह अपने मंत्रालय/विभाग के अंतर्गत नीति और प्रशासन के सभी मामलों में मंत्री का प्रधान सलाहकार होता है/होती है
3. उसका उत्तरदायित्व पूर्ण और अविभाजित होता है/होती है
4. वह मंत्रालय/विभाग का मुख्य लेखांकन प्राधिकारी होता है/होती है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2 और 3

(b) 1, 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 4

(d) केवल 1, 2 और 3

9. 'टिप्पणी' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. किसी मामले के निपटान को सुकर करने के लिए उस पर अभिलिखित अभ्युक्ति 'टिप्पणी' है
2. टिप्पणी को पदानुक्रम में 'संबंधित अधिकारी' और 'अन्य अधिकारी' द्वारा अभिलिखित किया जाता है ताकि 'सक्षम प्राधिकारी' द्वारा निर्णयन में सुविधा हो
3. टिप्पणी को केवल 'सक्षम प्राधिकारी' का अनुमोदन लेने के लिए प्रस्तुत किया जाता है
4. टिप्पणी लेखन की कार्यात्मक उपागम में मामलों के प्रकार और की जाने वाली टिप्पणी की प्रमात्रा श्रेणीक्रम की जाती है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3 और 4

(c) 1, 2, 3 और 4

(d) केवल 1, 2 और 4

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 4 of 72

5. The identified person in any Department who holds privileged rights to manage all the reference data, transfer of cases, reports permissions, search privileges, etc. in case of eFile is called :

(a) eOffice Administrator

(b) eFile Administrator

(c) System Administrator

(d) Chief Information Security Officer

6. Which one of the following is ***not*** a responsibility of a Principal Staff Officer ?

(a) Maintaining engagement diary

(b) Management of Personal Section, providing leadership

(c) Taking dictation/transcribing, handling telephone calls

(d) Keep himself/herself aware of the key performance areas, vision, mission of the Ministry/Department

7. Consider the following in the context of arrangement of papers in a file :

1. Appendix to notes and correspondence
2. Other papers, if any, referred to, the latest being placed on the top
3. Standing guard file, Precedent Book or reference folder, if any
4. Recorded files, if any, arranged in chronological order, the latest being placed on the top

Which one of the following represents the correct order of arrangement of papers in a file from top downwards ?

(a) 1, 2, 3, 4

(b) 1, 3, 2, 4

(c) 1, 4, 3, 2

(d) 1, 4, 2, 3

8. Which of the following statements are correct regarding broad functions and responsibilities of the Secretary of a Central Ministry/Department ?

1. He/She is the administrative head of the Ministry/Department
2. He/She is the principal advisor of a Minister on all matters of policy and administration within his/her Ministry/Department
3. His/Her responsibility is complete and undivided
4. He/She is the Chief Accounting Authority of the Ministry/Department

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 and 3 only

(b) 1, 2, 3 and 4

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2 and 3 only

9. Which of the following statements regarding a 'Note' are correct ?

1. A 'Note' is remarks recorded on a case to facilitate its disposal
2. Note is recorded by the 'dealing officer' and 'other officers' in the hierarchy to facilitate decision-making by the 'Competent Authority'
3. A Note is submitted only to seek approval of the 'Competent Authority'
4. Functional Approach to Noting categorizes the types of cases and quantum of noting to be done

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 3 and 4 only

(c) 1, 2, 3 and 4

(d) 1, 2 and 4 only

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 5 of 72

10. कार्यालय ज्ञापन (OM) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. सामान्यत: OM का उपयोग संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों सहित अन्य विभागों को निर्णयों की सूचना देने के लिए किया जाता है
2. OM का उपयोग मंत्रालयो/विभागों के बीच परामर्श करने के लिए भी किया जाता है
3. OM प्रथम पुरुष में लिखा जाता है और उसमें अभिवादन या हस्ताक्षर भी होते हैं
4. OM का उपयोग मंत्रालय के अंतर्गत अनुभागों के बीच सूचना देने और लेने के लिए भी किया जाता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 4
(b) 1, 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2 और 3

11. सांविधानिक प्राधिकारियों को निर्देश करने से संबंधित प्रक्रिया के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही ***नहीं*** हैं ?

1. जो पत्र लोक सभा सचिवालय या राज्य सभा सचिवालय के लिए हैं और जिनके लिए तत्काल अथवा जिन पर उच्च स्तरीय ध्यानाकर्षण अपेक्षित है, उन्हें सीधे ही क्रमश: अध्यक्ष और सभापति को संबोधित किया जा सकता है
2. भारत के महान्यायवादी को दिए जाने वाले निर्देश, प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग द्वारा सीधे दिए जा सकते हैं
3. जब भी नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (C&AG) से लेखापरीक्षा पैराओं के संबंध में निर्देश प्राप्त होते हैं, तो मंत्रालय/विभाग C&AG को सीधे ही निर्देश कर सकता है
4. संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के लिए निर्देशों को अध्यक्ष, UPSC को संबोधित किया जा सकता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4
(d) केवल 1, 2 और 4

12. आवधिक रिपोर्ट/विवरणी की समीक्षा से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. इस समीक्षा का एक उद्देश्य अनावश्यक रिपोर्टों और विवरणियों को हटाना है
2. मंत्रालय/विभाग में निदेशक के स्तर पर समीक्षा की जाएगी
3. इसे प्रत्येक पाँच वर्ष में किया जाएगा
4. इस समीक्षा का एक उद्देश्य ऐसी रिपोर्टों और विवरणियों को नया रूप देना है, जो सूचना/डेटा को व्यवहार्य (उपयोगी) रूप में प्रदान नहीं करते हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) केवल 3

13. शिकायतों के समाधान के लिए निम्नलिखित में से कौन-से मुद्दे उठाए जाने की आवश्यकता ***नहीं*** है ?

1. सूचना संबंधी मामले का अधिकार
2. ई-मेल द्वारा प्रेषित कोई शिकायत
3. वैयक्तिक और पारिवारिक विवाद
4. न्यायाधीन मामले या न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय से संबंधित कोई अन्य मामला

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) केवल 1, 2 और 4

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 6 of 72

10. Which of the following statements regarding Office Memorandum (OM) are correct ?

1. OM is generally used for communicating decisions to other departments, including the attached and subordinate offices
2. OM is also used for consultations between and among the Ministries/Departments
3. OM is written in the first person and also bears salutation or subscription
4. OM is also used for seeking and providing information amongst sections within a Ministry

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4 only
(b) 1, 2, 3 and 4
(c) 1 and 3 only
(d) 2 and 3 only

11. Which of the following statements regarding the procedure pertaining to making references to Constitutional Authorities are ***not*** correct ?

1. Communications meant for the Lok Sabha Secretariat or the Rajya Sabha Secretariat and requiring urgent or high level attention may be addressed directly to the Speaker and the Chairman respectively
2. References to Attorney General of India may be made directly to him by the Administrative Ministry/Department
3. When reference is received from Comptroller and Auditor General (C&AG) on audit paragraphs, the Ministry/Department may directly make the reference to C&AG
4. References to the Union Public Service Commission (UPSC) may be addressed to Chairman, UPSC

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 1, 2, 3 and 4
(d) 1, 2 and 4 only

12. Which of the following statement(s) regarding review of periodical reports/returns is/are correct ?

1. One of the objectives of the review is to eliminate unnecessary reports and returns
2. Review shall be conducted at the level of Director in the Ministry/Department
3. It shall be conducted every five years
4. One of the objectives of the review is to redesign reports and returns which do not provide information/data in usable form

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3 and 4
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 1 and 4 only
(d) 3 only

13. Which of the following issues are ***not*** required to be taken up for Redressal of Grievances ?

1. Right to Information matters
2. Any complaint sent by e-mail
3. Personal and Family disputes
4. Sub Judice cases or any other matter concerning judgement given by Court

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 2, 3 and 4
(b) 1, 3 and 4 only
(c) 2 and 4 only
(d) 1, 2 and 4 only

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 7 of 72

14. केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों (CPSEs) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही ***नहीं*** है ?

1. CPSE एक केंद्रीय मंत्रालय/विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक कंपनी है, जिसमें 40% से अधिक इक्विटी केंद्र सरकार द्वारा धारित की जाती है
2. इसमें कुछ सांविधिक निगम भी शामिल हैं
3. CPSEs के शेयर भारत के प्रधानमंत्री या उसके नामितियों द्वारा धारित किए जाते हैं
4. CPSE की परिभाषा के अंतर्गत विभागीय रूप से संचालित सार्वजनिक उद्यम और बीमा कंपनियाँ भी शामिल हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 3 और 4
(b) 1, 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) केवल 1 और 2

15. रक्षा मंत्रालय (MoD) के एकीकृत मुख्यालयों (IHQ) से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. इन मुख्यालयों में केवल थलसेना मुख्यालय, नौसेना मुख्यालय और वायुसेना मुख्यालय शामिल हैं
2. वे भारत की सुरक्षा और संघ के सशस्त्र बलों से संबंधित मामलों के संबंध में नीति निर्माण से संबद्ध होंगे
3. वे रक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित नीतियों के कार्यान्वयन में अपेक्षित अधिशासी निदेश प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होंगे
4. वे प्रत्यायोजित की गई प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करेंगे

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) केवल 1, 2 और 3

16. डिजिटीकरण कार्यनीति फ्रेमवर्क (Digitization Strategy Framework) के मुख्य क्षेत्रों में शामिल हैं :

1. मौजूदा दस्तावेजों और फाइलों के डिजिटीकरण के लिए पालन किया जाने वाला उपागम
2. डिजिटीकरण के पश्चात फाइलों और अभिलेखों की उनके संग्रहण में पहचान
3. इस संक्रमण प्रक्रिया में शामिल विभिन्न हितधारियों (स्टेकहोल्डरों) की भूमिकाएँ और उत्तरदायित्व
4. अनुसरण किए जाने के लिए मानक प्रक्रियाएँ और मार्ग-निर्देश निर्धारित करना
5. दीर्घकालिक प्रतिधारण नीति स्थापित करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 5
(b) 1, 2, 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) केवल 2, 3 और 4

17. ई-ऑफिस डिजिटीकरण ढाँचा का डिजिटीकरण उपागम (डिजिटाइजेशन एप्रोच ऑफ ई-ऑफिस डिजिटाइजेशन फ्रेमवर्क) में डिजिटीकरण प्रक्रिया के चरण 1 के अधीन निम्नलिखित कौन-सा/कौन-से कदम शामिल ***नहीं*** है/हैं ?

1. डिजिटीकरण के लिए उपयुक्त दस्तावेजों को चिह्नित करना
2. चिह्नित किए गए दस्तावेजों में से डेटा का चयन करना
3. चरणबद्धता या अनुक्रमण करने के विषय में निर्णय लेना
4. प्रयोक्ता को शिक्षित और प्रशिक्षित करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) केवल 4

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 8 of 72

14. Which of the following statements in the context of Central Public Sector Enterprises (CPSEs) are ***not*** correct ?

1. CPSE is a company under the administrative control of a Central Ministry/Department, in which more than 40% of the equity is held by the Central Government
2. It also covers certain statutory corporations
3. The shares of CPSEs are held by the Prime Minister of India or his nominees
4. The departmentally run public enterprises and insurance companies are also covered under the definitions of CPSE

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 3 and 4 only
(b) 1, 2, 3 and 4
(c) 2 and 4 only
(d) 1 and 2 only

15. Which of the following statements regarding Integrated Headquarters (IHQ) of Ministry of Defence (MoD) are correct ?

1. These Headquarters comprise Army Hqrs., Naval Hqrs. and Air Hqrs. only
2. They shall be associated in the formulation of policies in relation to matters concerning the Defence of India and the Armed Forces of the Union
3. They would be responsible for providing executive directions required in the implementation of policies laid down by the Ministry of Defence
4. They shall exercise delegated administrative and financial powers

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3 and 4
(b) 1 and 4 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2 and 3 only

16. The key areas in the Digitization Strategy Framework include :

1. Approach to be followed for digitizing the existing documents and files
2. Identification of files and records to their storage after the digitization
3. Roles and responsibilities of the various stakeholders involved in the transition process
4. Setting standard procedures and guidelines to be followed
5. Establishing a long-term retention policy

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 5 only
(b) 1, 2, 3, 4 and 5
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 2, 3 and 4 only

17. Which of the following step(s) is/are ***not*** covered under Phase 1 of the digitization process in the Digitization Approach of eOffice Digitization Framework ?

1. Identification of documents which are candidates for digitization
2. Selection of data within the identified documents
3. Decision on the phasing or sequencing
4. User education and training

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2, 3 and 4
(c) 1 and 4 only
(d) 4 only

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 9 of 72

18. निम्नलिखित में से कौन-से, शिकायत निवारण युक्ति से संबंधित प्रमुख मार्गनिर्देशों के अनुरूप ***नहीं*** हैं ?

1. किसी शिकायत का निपटान तीन महीने की अवधि के भीतर किया जाना चाहिए ।
2. शिकायत बंद करते समय सुविवेचित सुव्यक्त उत्तर दिया जाना चाहिए
3. निदेशक, लोक शिकायत द्वारा सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को अपराह्न 3·00 बजे से अपराह्न 5·00 बजे के बीच के समय को शिकायतें प्राप्त करने और उनकी सुनवाई के लिए निर्धारित किया गया है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1 और 2

19. भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961 से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही ***नहीं*** हैं ?

1. ये नियम प्रत्येक विभाग को आबंटित कार्यों के निपटान के मामले में उसके प्राधिकार, उत्तरदायित्व और दायित्वों को परिभाषित करने का प्रयत्न करते हैं
2. ये नियम सरकार के कार्यों को उसके विभिन्न विभागों के बीच आबंटित करते हैं जिन्हें प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा मंत्रियों के प्रभार में समनुदेशित किया जाता है
3. ये नियम पूर्व अनुमोदन के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, कैबिनेट या इसकी समितियों को प्रस्तुत किए जाने के लिए मामलों या मामलों की श्रेणियों को विनिर्दिष्ट भी करते हैं
4. ये नियम उन परिस्थितियों को भी विनिर्दिष्ट करते हैं जिनमें विभाग को, जो निपटानाधीन कार्यों से मुख्यत: संबंधित है, अंतिम निर्णय लेने से पहले अन्य संबंधित विभागों से परामर्श करना होगा और उनकी सहमति/टिप्पणियाँ प्राप्त करनी होंगी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 3 और 4
(b) 1, 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) केवल 1 और 2

20. 'अभिलेखों की पुनरीक्षा और छँटाई' से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. श्रेणी 'ग' फाइल की पुनरीक्षा उसकी विनिर्दिष्ट प्रतिधारण अवधि समाप्त होने पर की जाएगी और प्रतिधारित रखने के पर्याप्त आधार नहीं होने पर इसकी छँटाई की जाएगी
2. श्रेणी 'क' फाइलों की पुनरीक्षा उनके 30वें वर्ष के पूरे होने पर भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के परामर्श से की जाएगी
3. श्रेणी 'ग' फाइलों की पुनरीक्षा के वर्ष की गणना उनको खोले जाने के वर्ष से, और श्रेणी 'क' और श्रेणी 'ख' फाइलों की पुनरीक्षा उनको बंद करने के वर्ष से की जाएगी
4. विभागीय रिकॉर्ड कक्ष प्रत्येक वर्ष जनवरी से आरंभ करके, उन फाइलों को जिनकी उस वर्ष में पुनरीक्षा होनी बाकी है, संबंधित अनुभागों/डेस्कों को भेजेगा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) केवल 1, 2 और 3

21. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) में काम करने वाले एक अधिकारी ने वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में दिनांक 15.09.2020 को सीधी भर्ती आधार पर आर्थिक सलाहकार के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है । उसे निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में वेतन संरक्षण का लाभ स्वीकार्य होगा ?

(a) वेतन संरक्षण का लाभ केवल तभी स्वीकार्य होगा जब चयन साक्षात्कार के माध्यम से हुआ हो
(b) वेतन संरक्षण का लाभ केवल तभी स्वीकार्य होगा यदि इस पद को भर्ती करने वाली एजेंसी द्वारा खुली प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरा गया हो
(c) वेतन संरक्षण का लाभ स्वीकार्य नहीं होगा क्योंकि वह सरकारी सेवा में नहीं था
(d) वेतन संरक्षण का लाभ केवल तभी स्वीकार्य होगा यदि जिस पद पर उसे नियुक्त किया गया है उस पद के भर्ती नियमों में सीधी भर्ती पद्धति के अधीन नियुक्ति के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से विनिर्दिष्ट क्षेत्र में न्यूनतम वर्षों का अनुभव विहित किया गया हो, भले ही पद भर्ती एजेंसी द्वारा साक्षात्कार या खुली प्रतियोगी परीक्षा, या दोनों के संयोजन के आधार पर भरा गया हो

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 10 of 72

18. Which of the following are ***not*** in consonance with the main guidelines on Grievance Redressal Mechanisms ?

1. A grievance should be disposed of within a period of three months
2. A well-reasoned speaking reply should be given while closing a grievance
3. Every Friday of the week between 3·00 pm to 5·00 pm has been earmarked for receiving and hearing of grievances by the Director of Public Grievances

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 2 and 3 only
(d) 1 and 2 only

19. Which of the following statements regarding the Government of India (Allocation of Business) Rules, 1961 are ***not*** correct ?

1. These rules seek to define the authority, responsibility and obligations of each Department in the matter of disposal of business allotted to it
2. These rules allocate the business of Government among its different Departments which are assigned to the charge of the Ministers by the President on the advice of the Prime Minister
3. These rules also specify cases or classes of cases to be submitted to the President, the Prime Minister, the Cabinet or its Committees for prior approval
4. These rules also specify the circumstances in which the Department primarily concerned with the business under disposal will have to consult other Departments concerned and secure their concurrence/comments before taking final decisions

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 3 and 4 only
(b) 1, 2, 3 and 4
(c) 2 and 4 only
(d) 1 and 2 only

20. Which of the following statements regarding 'Review and Weeding of Records' are correct ?

1. A category 'C' file will be reviewed on the expiry of the specified retention period and weeded out unless there are sufficient grounds warranting its further retention
2. Category 'A' files will be reviewed on attaining the 30th year of their life in consultation with the National Archives of India
3. The year of review of Category 'C' files will be reckoned with reference to the year of their opening and that for category 'A' and Category 'B' files with reference to the year of their closing
4. Beginning in January each year, the departmental record room will send to the sections/desks concerned, the files due for review in that year

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 2, 3 and 4
(b) 1 and 4 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2 and 3 only

21. An officer working in Reserve Bank of India (RBI) has joined Ministry of Finance, Government of India as Economic Advisor on Direct Recruitment basis on 15.09.2020. Under which one of the following conditions would the benefits of pay protection be admissible to him/her ?

(a) Pay protection benefits shall be admissible only if the selection is through interview
(b) Pay protection benefits shall be admissible only if the post has been filled by the recruiting agency through open competitive examination
(c) Pay protection benefits shall not be admissible as he/she was not in Government service
(d) Benefits of pay protection shall be admissible only if the Recruitment Rules for the post to which he/she has been appointed prescribe a minimum number of years of experience in the specified area from RBI for appointment under the method of Direct Recruitment irrespective of whether the post is filled by the recruiting agency on the basis of interview or open competitive examination, or combination of both

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 11 of 72

22. 'ठीक नीचे का नियम' (Next Below Rule) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'ठीक नीचे का नियम' स्वतंत्र प्रयोग का नियम है
2. 'ठीक नीचे का नियम' के अधीन संरक्षण, ऐसे मामलों में एकल पदीय नियुक्ति के संबंध में एक से अधिक अधिकारियों के लिए स्वीकार्य होगा, जहाँ संवर्ग में दो या अधिक अधिकारियों की क्रमिक शृंखला नियमित लाइन से बाहर पदों पर प्रतिनियुक्ति पर है
3. 'ठीक नीचे का नियम' के अधीन हितलाभ ऐसे सरकारी सेवक को उपलब्ध नहीं होते हैं जिसे विदेश में नियमित रूप से गठित संवर्ग-बाह्य पदों को बनाए रखने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है
4. 'ठीक नीचे का नियम' के अधीन हितलाभ की अनुमति ऐसे अधिकारियों को 'एक के लिए एक' और 'कम से कम एक कनिष्ठ व्यक्ति की पदोन्नति' की आवश्यक्ताओं में छूट देते हुए कुछ शर्तों की पूर्ति के अधीन, दी जा सकती है जो अपनी नियमित लाइन से बाहर कार्य कर रहे हैं

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) 2, 3 और 4

23. मूल नियम (FR), 22 के अधीन वेतन नियतन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा सेवा के वरिष्ठ लेखा अधिकारी से कनिष्ठ समय-वेतनमान में पदोन्नति के मामलों में, FR 22 (I) (a) (1) के अधीन वेतन नियतन का लाभ समूह 'ख' से समूह 'क' में पदोन्नति के लिए उपलब्ध होगा, भले ही वेतनमान में कोई परिवर्तन नहीं होता हो
2. दो द्रुत क्रमिक पदोन्नति प्राप्त करने वाला सरकारी सेवक मूल नियम FR 22 (I) (a) (1) के व्यावृत्ति खंड के अधीन प्रत्येक ग्रेड/पद के लिए अगली वेतन वृद्धि की तारीख से वेतन नियतन के लाभ का हकदार है
3. सीसीएस (टीएस) नियमावली के नियम 5 के अधीन सेवामुक्त पुनर्नियोजित पदाधिकारी FR 22 के विभिन्न परंतुकों के अधीन वेतन नियतन के लाभ के हकदार होंगे
4. अगली वेतन वृद्धि की तारीख से वेतन नियतन का लाभ ऐसे नए पद पर पदोन्नति के लिए उपलब्ध नहीं है जिसमें उच्चतर महत्त्व के कर्तव्यों और दायित्वों का कार्यभार ग्रहण करना शामिल नहीं है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 3

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) केवल 2 और 4

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 12 of 72

22. Consider the following statements regarding the 'Next Below Rule' :

1. The 'Next Below Rule' is a rule of independent application
2. Protection under the 'Next Below Rule' shall be admissible to more than one officer in respect of a single official appointment in cases where a consecutive series of two or more officers in a cadre are on deputation to posts outside the regular line
3. The benefits under the 'Next Below Rule' is not available to a Government servant deputed to hold regularly constituted ex-cadre posts abroad
4. Benefits under the 'Next Below Rule' may be allowed to officers working outside their regular line dispensing with the requirements of "one for one" and "promotion of at least one junior" subject to fulfilment of certain conditions

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 3 and 4 only
(d) 2, 3 and 4

23. Consider the following statements regarding fixation of pay under Fundamental Rule (FR), 22 :

1. Benefits of Pay fixation under FR 22 (I) (a) (1) will be available for promotion from Group 'B' to Group 'A' even though there is no change in the scale of pay in cases of promotion from Senior Accounts Officer to Junior Time-Scale of Indian Audit and Accounts Service
2. A Government servant getting two promotions in quick succession is entitled to benefits of re-fixation of pay from the date of next increment for each grade/post under the savings clause of FR 22 (I) (a) (1)
3. Re-employed officials discharged under Rule 5 of CCS(TS) Rules are entitled to benefits of pay fixation under various provisos of FR 22
4. Benefits of fixation of pay from the date of next increments is not available for promotion to a new post not involving assumption of duties and responsibilities of greater importance

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 3 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 3 and 4 only
(d) 2 and 4 only

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 13 of 72

24. किसी पद के वेतन में परिवर्तन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसी पद का धारक, जिसके वेतन में परिवर्तन हुआ है, उसके पास अपने पद को रिक्त करने तक अपना वेतन बनाए रखने का विकल्प है
2. उसे अपना वेतन बनाए रखने का विकल्प वेतनमान में नीचे की ओर संशोधन किए जाने के मामले में ही उपलब्ध होगा
3. निलंबनाधीन सरकारी सेवक को मूल नियम (FR) 23 के अधीन विकल्प का प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी
4. FR 23 के अधीन वेतन नियतन ऐसी स्थिति में उपलब्ध नहीं होगा जहाँ वेतन में संशोधन पद से संबद्ध कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों में विनिर्दिष्ट परिवर्तन के समवर्ती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 3 और 4

25. शुल्क और मानदेय से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) द्वारा अशासकीय व्यक्तियों को उनके किए गए कार्य के लिए किया गया भुगतान 'मानदेय' नहीं कहलाता है
2. अन्यथा उपबंधित बातों के सिवाय, सरकारी सेवक, सरकार की विशेष अनुमति के बिना, सार्वजनिक प्रतियोगिता में निबंध के लिए दिया गया पुरस्कार रख सकता है
3. किसी सरकारी सेवक को उसके पदीय हैसियत से ऐसी किसी निजी कंपनी के निदेशक बोर्ड में 'निदेशक' के रूप में नियुक्त किया जाता है जिसमें केंद्र सरकार की निधि निवेश नहीं की गई है, तो वह ऐसे निकायों से, उनके नियमों और विनियमों के अधीन, यात्रा भत्ता प्राप्त और प्रतिधारित कर सकता है
4. कोई सरकारी सेवक जिसके कर्तव्यों में वैज्ञानिक या तकनीकी अनुसंधान करना शामिल है, वह स्वयं के द्वारा किए गए आविष्कार के लिए केंद्र सरकार की अनुमति से ही पेटेन्ट प्राप्त कर सकेगा

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) 2, 3 और 4

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 14 of 72

24. Consider the following statements in the context of change in the pay of a post :

1. The holder of a post, the pay of which is changed, has the option to retain his/her pay until he vacates his post
2. The option to retain his/her pay shall be available only in case of downward revision of pay scale
3. A Government servant under suspension shall not be allowed to exercise the option under Fundamental Rule (FR) 23
4. Pay fixation under FR 23 shall not be available where a revision of pay is concurrent with a specific change in the duties and responsibilities attached to the post

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 3 only
(b) 2 and 4 only
(c) 1 and 4 only
(d) 1, 3 and 4

25. Consider the following statements regarding Fee and Honorarium :

1. Payments by UPSC to non-officials for work done is not called 'honorarium'
2. A Government servant can retain the premium awarded for an essay in public competition without special permission from the Government, except as otherwise provided
3. A Government servant appointed in his official capacity as 'Director' on the Board of Directors of a private company in which Central Government funds are not invested, can receive and retain Travelling Allowance from such bodies under their rules and regulations
4. A Government servant whose duties involve the carrying out of scientific or technical research may obtain a patent for an invention made by him/her only with the permission of the Central Government

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 4 only
(b) 2 and 3 only
(c) 2 and 4 only
(d) 2, 3 and 4

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 15 of 72

26. नियुक्तियों के संयोजन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ऐसे सरकारी सेवक को अतिरिक्त वेतन स्वीकार्य होता है, जिसे उसी कार्यालय में, उसके सामान्य कार्यों के अतिरिक्त, अन्य पद के नेमी कार्यों का अपने कार्यों के समान वर्तमान प्रभार धारण करने के लिए नियुक्त किया जाता है
2. वह सरकारी सेवक जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से ऐसे अतिरिक्त पद पर औपचारिक रूप से नियुक्त किया जाता है जिसमें सांविधिक कार्यों सहित उस पद के सभी कार्यों का निर्वहन शामिल है, वह मूल नियम 49 के अधीन अतिरिक्त वेतन का हकदार है
3. कोई अधिकारी प्रतिनियुक्ति भत्ते के बिना अपने नियमित पद का पूर्ण प्रभार धारण करने के अलावा संवर्ग बाह्य पद का अतिरिक्त प्रभार धारण कर सकता है
4. सरकारी सेवक दो से अधिक पदों का प्रभार धारण नहीं कर सकता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 4

(b) 2, 3 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

27. मूल नियमों के अधीन, अन्यत्र सेवा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पद 'अन्यत्र सेवा में स्थानांतरण' का अभिप्राय केवल विदेश स्थित भारतीय दूतावासों में स्थानांतरण से है
2. मूल नियमों के अनुसार, अस्थायी सरकारी सेवक का अन्यत्र सेवा में स्थानांतरण अनुज्ञेय है
3. संघ राज्य क्षेत्रों में गठित पंचायती राज संस्थाओं में स्थानांतरण के लिए सरकारी सेवक की सहमति आवश्यक नहीं होगी
4. किसी सरकारी अधिकारी को किसी निजी उपक्रम में लेंडिंग की अनुमति उदारता से दी जा सकेगी

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) 1, 3 और 4

28. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में शामिल सरकारी कर्मचारियों के संबंध में, जिन्हें 01.04.2019 के बाद अन्यत्र सेवा में स्थानांतरित किया गया है, अन्यत्र सेवा के दौरान संदेय पेंशन की लागत के लिए कुल मासिक पेंशन अंशदान होगा :

(a) अन्यत्र सेवा में स्थानांतरण के समय उसके द्वारा धारित पद के लेवल में मूल वेतन का 14%

(b) अन्यत्र सेवा में जाते समय उसके द्वारा धारित पद के लेवल में मूल वेतन और ऐसे मूल वेतन पर स्वीकार्य महँगाई भत्ता (DA) का 24% अर्थात (मूल वेतन + DA) का 24%

(c) अन्यत्र सेवा में उसके द्वारा धारित पद के लेवल में मूल वेतन और ऐसे मूल वेतन पर स्वीकार्य DA का 28% अर्थात (मूल वेतन + DA) का 28%

(d) अन्यत्र सेवा में उसके द्वारा धारित पद के लेवल में मूल वेतन और ऐसे मूल वेतन पर स्वीकार्य DA का 18% अर्थात (मूल वेतन + DA) का 18%

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 16 of 72

26. Consider the following statements in the context of combination of appointments :

1. Additional pay is admissible to a Government servant who is appointed to hold current charge of the routine duties of another post in the same office as his own, in addition to his normal duties
2. A Government servant formally appointed to an additional post with the approval of the competent authority which involves discharge of all the duties of that post including the statutory functions, is entitled to additional pay under Fundamental Rule 49
3. An officer can hold additional charge of an ex-cadre post while holding full charge of his/her regular post without deputation allowance
4. A Government servant cannot hold charge of more than two posts

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 4 only

(b) 2, 3 and 4

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

27. Consider the following statements in the context of Foreign Service under Fundamental Rules :

1. The term 'Transfer to foreign service' refers only to the transfer to Indian Embassies abroad
2. In terms of Fundamental Rules, transfer of temporary Government servant to foreign service is permissible
3. Consent of the Government servant will not be necessary for transfer to Panchayati Raj institutions set up in the Union Territories
4. Lending of a Government officer to a private undertaking may be allowed liberally

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 3 only

(b) 2 and 3 only

(c) 2 and 4 only

(d) 1, 3 and 4

28. In respect of Government employees, covered by National Pension System, transferred to foreign service after 01.04.2019, the total monthly pension contribution towards cost of pension payable during foreign service will be :

(a) 14% of basic pay in the level of the post held by him/her at the time of transfer to foreign service

(b) 24% of basic pay in the level of the post held by him/her at the time of proceeding to foreign service plus Dearness Allowance (DA) admissible on such basic pay i.e. 24% of (basic pay + DA)

(c) 28% of the basic pay in the level of the post held by him/her at the time of foreign service plus DA admissible on such basic pay i.e. 28% of (basic pay + DA)

(d) 18% of the basic pay in the level of the post held by him/her at the time of foreign service plus DA admissible on such basic pay i.e. 18% of (basic pay + DA)

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 17 of 72

29. मूल नियमों के संदर्भ में, परिवीक्षाधीन से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. 'परिवीक्षाधीन' शब्द के अंतर्गत वह सरकारी सेवक आता है जो किसी संवर्ग में कोई स्थाई पद मूल रूप से धारण करता है और दूसरे पद पर परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाता है
2. परिवीक्षाधीन द्वारा छुट्टी से लौटने पर उपयोग की गई कार्यभार ग्रहण की अवधि को परिवीक्षा की विहित अवधि में गिना जाना चाहिए, जैसे कि यदि वह छुट्टी पर नहीं गया होता तो, वह उस पद स्थानापन्न बना रहता जिस पर वह नियुक्त था
3. परिवीक्षाधीन की हैसियत को, मूल पद की हैसियत जैसा माना जाएगा सिवाय जहाँ इन नियमों में अन्यथा विहित हो

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

30. सेवा की सामान्य शर्तों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

